भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDI
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.07.2023

आरेडिका में भारत स्काउट एवं गाइड ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

भारत स्काउट एवं गाइड ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अमर नाथ दुवे के निर्देशन में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 05.07.2023 को प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री एन.के.वर्मा, उपमुख्य गुणवत्ता प्रबन्धक द्वारा वर्कर क्लव से रैली को हरी झण्डी दिखाकर की गई ।

स्काउट एवं गाइड सदस्यों द्वारा टाईप–2 एवं टाईप–3 आवासों में लोगों को प्लास्टिक पॉलीथिन के उपयोग न करने के लिए नारे लगाकर जागरूक किया एवं इसके कारण वातावरण पर पड़ने वाले कुप्रभावों एवं बढ़ती हुई घातक बीमारियों के बारे में सजग किया।

इसी कड़ी में सायं 6:30 बजे एक रैली शॉपिंग कॉम्पलेक्स पहुँची वहाँ पर एमसीएफ परिसर मे रहने वाले कर्मचारियों एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानदारों से प्लास्टिक बैग उपयोग न करने के लिए आग्रह किया ।

छोटे –छोटे कब बुलबुल , स्काउट एवं गाइडस् द्वारा 6:45 बजे नुक्कड नाटक के माध्यम से जनता को जागरूक किया । सभी बच्चो ने घर से कपडे की थैलिया स्वयं बनाकर लोगो को वितरण की एवं शपथ ली कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नही करेगें ।

इस अवसर पर आरेडिका के स्काउट एवं गाइड के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

06/7/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी